दैनिक राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

पदमावत मीडिया

डिजिटल संस्करण महाराष्ट्र व राजस्थान से प्रकाशित

न रिश्वत लें, न रिश्वत देंगे
Reg. No. MH180326353

BCI BUSINESS CIRCLE INDIA

www.padmavatmedia.in
padmavatmedia@gmail.com

वर्ष: 11 ● डिजिटल अंक : 194 ● मुंबई, गुरुवार 13 मार्च-2025 ● प्रधान सम्पादक: पवन जैन पदमावत ● पृष्ठ : 04 ● मूल्य : 000 ● नि:शुल्क

खबर संक्षेप

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उदयपुर को विकास की नई राह दी

● पदमावत मीडिया

उदयपुर । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को विधानसभा में राजस्थान विनियोग विधेयक-2025 और राजस्थान वित्त विधेयक-2025 पर चर्चा का जवाब देते हुए कई महत्त्वपूर्ण घोषणाएं की। मुख्यमंत्री शर्मा ने इस दौरान उदयपुर जिले को भी कई सौगातें दी। इनमें प्रमुख घोषणाएं के तहत मेनार में रूरल टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए विकास कार्य करवाए जाएंगे। राजस्थान पर्यटन विकास निगम की संपत्तियों को निजी क्षेत्र के सहयोग से कार्यशील बनाया जाएगा। उदयपुर में सेंटर फॉर एडवांस्ड स्किलिंग एंड काउंसलिंग सेंटर के लिए आगामी वर्ष में 100 करोड़ के कार्य होंगे। गोगुन्दा में नवीन ट्रॉमा सेंटर बनेगा। फुलवारी की नाल के इको सेंसेटिव जोन के लिए मास्टर प्लान तैयार किया जाएगा। उदयपुर के झाड़ोल ब्लॉक के डया में नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना होगी।

होली पर राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहित गुप्ता ने देशवासियों को दी शुभकामनाएं

● पदमावत मीडिया

मुंबई । नेशनल ह्यूमन राइट्स एंटी क्राइम एंड एंटी करप्शन ब्यूरो के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहित गुप्ता ने होलिका दहन एवं फागुन त्यौहार (होली) रंग उत्सव की समस्त देशवासियों को दी बधाई शुभकामनाएं। राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहित गुप्ता ने कहा, होली रंगो तथा हँसी-खुशी का त्योहार है। प्यार भरे रंगों से सजा यह पर्व हर धर्म, संप्रदाय, जाति के बंधन खोलकर भाई-चारे का संदेश देता है, इस दिन सभी लोग अपने पुराने गिले-शिकवे भूल कर गले लगते हैं और एक दूजे को अबीर, गुलाल लगाकर बधाईयां देते हैं। होली भारत का एक प्रमुख और प्रसिद्ध त्योहार है, जो आज विश्व भर में मनाया जाने लगा है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राजश्री गांधी ने प्रदेशवासियों को होली की शुभकामनाएं दी हैं

● पदमावत मीडिया

उदयपुर। उपभोक्ता सुरक्षा संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राजश्री गांधी ने समस्त देशवासियों व प्रदेशवासियों को होली की शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राजश्री गांधी ने कहा कि ''हर्ष और उल्लास के रंगों से भरपूर होली का पर्व सभी के जीवन में सुख-समृद्धि और खुशहाली के रंग लेकर आये। उन्होंने कहा है की इस अवसर पर हम घृणा, अहंकार एवं बुराइयों का त्याग कर सामाजिक सद्भाव तथा नवीन उत्साह व उमंग से होली का स्वागत करें। हम आपसी मतभेदों और कटुता को भुलाकर एक दूसरे के प्रति प्रेम-भाव और सहयोग को प्रोत्साहित कर सुरक्षित प्रकार से होली मनाएं।

उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी को वीमन टूरिज्म मिनिस्टर ऑफ द ईयर अवॉर्ड की सौंपी ट्राफी

● पदमावत मीडिया

जयपुर । पेसिफिक एशिया ट्रैवल राइटर्स एसोसिएशन ने राजस्थान में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए किए गए सराहनीय कार्यों के लिए उप मुख्यमंत्री और पर्यटन मंत्री दिया कुमारी को इसी महीने गुरुवार को मिले वीमन टूरिज्म मिनिस्टर ऑफ द ईयर, इंडिया की ट्राफी बुधवार को शासन सचिव रवि जैन ने सौंपी। उल्लेखनीय है कि यह सम्मान आईटीबी बर्लिन, जर्मनी में सेशेल्स के पूर्व पर्यटन मंत्री, डॉ. एलन सेंटएन्ज द्वारा दिया गया। जिसे उप मुख्यमंत्री की ओर से पर्यटन विभाग के अधिकारी, अतिरिक्त निदेशक पर्यटन आनंद त्रिपाठी, उप निदेशक पर्यटन उपेन्द्र सिंह शेखावत ने यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त किया था। राजस्थान सरकार प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए उत्कर्ष्ठ कार्य कर रही हैं। राज्य सरकार, केंद्र सरकार के साथ मिलकर राजस्थान में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विस्तृत कार्य योजना बनाकर काम कर रही है।

अवैध संबंधों के चलते विदा हुई विनिता जैन

कश्मीर वाली प्रेमिका के लिए उदयपुर वाली पत्नी को मारा, परिजन बोले- हत्यारा पति फरार

पुणे में 25 फरवरी को मिले शव का मामला, उदयपुर की रहने वाली थी विनिता जैन

मृतका विनीता जैन

● पदमावत मीडिया

उदयपुर । उदयपुर शहर की बेटी की पुणे में संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। मृतका विनीता जैन का शव उसके किराए के मकान में फंदे पर लटका हुआ मिला। परिजनों ने उसके पति हिमांशु जैन पर हत्या का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। जबकि हिमांशु इसे आत्महत्या बता रहा है। मृतका के परिजनों ने बुधवार को उदयपुर में एक पत्रकार वार्ता के दौरान विनीता को न्याय दिलाने की गुहार लगाई है। परिजनों ने बताया कि विनीता से शादी से पहले कई वर्षों से हिमांशु के उसी के डांस ग्रुप की सदस्य दीक्षा नाम की युवती से अवैध संबंध थे। विनीता को भी उसके पति के अवैध संबंध के बारे में शादी के बाद मालूम चला।

हिमांशु दीक्षा से संपर्क में रहा

मामला उजागर होने के बाद हिमांशु ने कई बार विश्वास दिलाया कि वो अब दीक्षा से कोई संबंध नहीं रखेगा। लेकिन हिमांशु दीक्षा से लगातार संपर्क में ही रहा। पिछले वर्ष विनीता और हिमांशु के एक बेटी हुई, जिसका नाम सीरत रखा गया। दुर्भाग्यवश एक दिन सीरत बेड से गिर गई, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई और उसकी मौत हो गई। सीरत की मौत के कुछ समय बाद हिमांशु फिर से विनीता से झगड़े करने लगा। इन झगड़ों से परेशान होकर विनीता फिर से अपने घर उदयपुर लौट आई।

दीक्षा को छोड़ने का वादा किया

दोनों परिवारों की मध्यस्थता के बाद उन्हें फिर से समझाया गया और हिमांशु ने एक बार फिर दीक्षा को छोड़ने का आश्वासन दिया। मृतका विनीता के परिजनों ने बताया कि फ़रवरी 2025 को विनीता फिर से अपना घर बसाने और टूटे रिश्तो को जोड़ने अपने पति के पास पुणे चली गई। पुणे जाने के बाद वो रोजाना अपने घर पर माता-पिता से वीडियो कॉल पर बात भी करती थी। लेकिन अचानक एक दिन पुणे से सूचना आई कि उनकी बेटी ने घर मे ही फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। ऐसे में परिजन भी आनन-फानन में पुणे पहुंचे और शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर अंतिम संस्कार किया।

क्या है आरोप

परिजनों का आरोप है कि ज़ब मोर्चरी में विनीता की डेड बॉडी दिखाई गई तो उसके शरीर पर मारपीट के निशान थे। घटना के बाद से ही उसका पति हिमांशु फरार है और विनीता का अंतिम कर्म भी उसके पीहर से ही हुआ है। विनीता के मामा ने बताया कि रोज-रोज के झगड़े के बावजूद भी विनीता अपना घर बसाना चाहती थी। लेकिन उसका पति हिमांशु हमेशा से दीक्षा को चाहता था। ऐसे में उसने कभी विनीता को पत्नी माना ही नहीं। उन्होंने आरोप लगाया कि हिमांशु अपनी कश्मीर वाली गर्लफ्रेंड और उसके रास्ते में कांटा बनी पत्नी विनीता को खत्म करना चाहता था। इसलिए उसी ने विनीता को मारकर फंदे पर लटकाया और इसे आत्महत्या का रूप दे दिया। उन्होंने बताया कि ज़ब पुलिस ने फंदे पर लटकी हुई विनीता के फोटो दिखाए, तब उसके पैर कुर्सी पर टच होकर मुड़े हुए थे और जिस कमरे में विनीता ने आत्महत्या किया उसका दरवाजा भी अंदर से खुला था।

पवन जैन पदमावत ने होली के पावन पर्व पर देश व प्रदेशवासियों को दी शुभकामनाएं

● पदमावत मीडिया

मुंबई । एंटी करप्शन एंड क्राइम कंट्रोल कमेटी के मीडिया सेल के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन जैन पदमावत ने रंग, उमंग और सद्भाव के पावन पर्व होली की समस्त देशवासियों व प्रदेशवासियों को मंगलमय शुभकामनाएं दी हैं। अपने शुभकामना संदेश में पदमावत ने कहा है यह मंगल पर्व सभी के जीवन में अपनों का प्यार बनाए रखें, आपसी भाईचारा बढ़े और हर व्यक्ति राष्ट्र निर्माण भावना से प्रेरित होकर आगे बढ़े। एंटी करप्शन एंड क्राइम कंट्रोल कमेटी के मीडिया सेल के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन जैन पदमावत ने कहा कि आपसी प्रेम और भाईचारे का प्रतीक यह रंगोत्सव सभी के जीवन में खुशियों के रंग लेकर आये। यह त्यौहार सामुदायिक सद्भाव और मेल-मिलाप का जीवन्त उदाहरण है। उन्होंने कहा कि मेरी कामना है यह त्यौहार सभी के जीवन में आनंद, उमंग और नई ऊर्जा का संचार करें। होली भाईचारे, आपसी प्रेम और सद्भावना का त्योहार है। हम सभी लोग अपनी गौरवशाली संस्कृति और परंपराओं के अनुरूप उमंग, उत्साह के रंगों के वातावरण मे होली मनाएं। ऐसा कोई कार्य ना करें, जिससे किसी की पवित्र भावना को कोई ठेस पहुंचे।

होली और धुलंडी पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष यशवर्धन राणावत ने देशवासियों को दी शुभकामनाएं

● पदमावत मीडिया

उदयपुर। एंटी करप्शन एंड क्राइम कंट्रोल कमेटी के बौद्धिक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष यशवर्धन राणावत ने होली और धुलंडी के पावन पर्व पर समस्त देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दीं। राणावत ने अपने संदेश में कहा कि होली केवल रंगों का पर्व नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति की जीवंत धरोहर और सामाजिक सौहार्द का प्रतीक है। यह पर्व हमें आपसी प्रेम, भाईचारे और एकता को मजबूत करने का संदेश देता है। होली की पवित्र अग्नि बुराइयों के अंत और सच्चाई की विजय का प्रतीक है, जबकि रंगों की फुहार समाज में समरसता और उल्लास का संचार करती है। उन्होंने प्रदेशवासियों और देशवासियों से आह्वान किया कि इस पर्व को शुद्ध हृदय, प्रेम, सौहार्द और सामाजिक समरसता के साथ मनाएँ। यह अवसर हमें नई ऊर्जा, उत्साह और सकारात्मकता से भरने का कार्य करता है। आइए, हम सब मिलकर होली के इन रंगों से समाज में प्रेम, सद्भाव और विश्वास के रंग भरें। राणावत ने कहा की होली का त्योहार पर्यटन की दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है, पर्यटक स्थानीय लोगों के साथ मिलकर होली का खूब आंनद लेते हैं । सभी को होली और धुलंडी की मंगलकामनाएँ!

बिना रजिस्ट्रेशन निजी लेब चलायी तो होगी कार्रवाई: डॉ अशोक आदित्य

● पदमावत मीडिया

उदयपुर। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक आदित्य ने बताया कि उदयपुर क्षेत्र में संचालित सभी निजी लेब को रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य है। राजस्थान नैदानिक स्थापन (रजिस्ट्रीकरण और विनियमन) नियम के अंतर्गत समस्त निजी लेब संचालकों को भारत सरकार द्वारा जारी निजी लेब न्यूनतम मानकों के नियमों की अधिसूचना 2018 एवं संशोधन नियमों की अधिसूचना 2020 की अनुपालना में निजी लेब का स्थाई रजिस्ट्रेशन किया जाना अनिवार्य है। स्थाई रजिस्ट्रेशन के लिए आवेदन प्रारूप में आवश्यक जानकारी भरकर नैदानिक स्थापनों के विभिन्न प्रवर्गो के लिए न्यूनतम मानकों और कार्मिकों की अपेक्षा रखने वाले साक्ष्य के साथ जिला रजिस्ट्रीकरण प्राधिकरण को प्रस्तुत करेंगे। सीएमएचओ डॉ अशोक आदित्य ने बताया कि बिना रजिस्ट्रीकरण के संचालित निजी लेब के विरुद्ध उक्त अधिनियम और नियम के अंतर्गत कार्यवाही की जायेगी जिसकी जिम्मेदारी स्वयं संचालक की रहेगी।

राजस्व अधिकारी ग्रेड-द्वितीय एवं अधिषाषी अधिकारी वर्ग -चतुर्थ प्रतियोगी परीक्षा- 2022

● पदमावत मीडिया

अजमेर । राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा राजस्व अधिकारी ग्रेड-द्वितीय एवं अधिषाषी अधिकारी वर्ग - चतुर्थ प्रतियोगी परीक्षा- 2022 का पुनः आयोजन 23 मार्च 2025 को दोपहर 12 से 2 बजे तक किया जाएगा। परीक्षा में ओएमआर उत्तर पत्रक के पांचवे विकल्प को भरने के लिए 10 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जाएगा।इस संबंध में विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आयोग सचिव ने बताया कि अभ्यर्थी उक्त परीक्षा हेतु आवंटित परीक्षा जिले की जानकारी 16 मार्च 2025 से एसएसओ पोर्टल पर लॉगिन कर प्राप्त कर सकेंगे। परीक्षा के प्रवेश-पत्र आयोग की वेबसाइट एवं एसएसओ पोर्टल पर 20 मार्च 2025 को जारी किए जाएंगे। इस अनुसार अभ्यर्थी यथाशीघ्र प्रवेश-पत्र डाउनलोड कर लेवें। प्रवेश-पत्र आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध एडमिट कार्ड लिंक के माध्यम से आवेदन-पत्र क्रमांक व जन्म दिनांक प्रविष्ठ कर डाउनलोड किए जा सकेंगे। इसके अतिरिक्त एसएसओ पोर्टल पर लॉगिन कर सिटीजन ऐप्स में उपलब्ध रिक्रूटमेंट पोर्टल लिंक से भी प्रवेश-पत्रों को डाउनलोड किया जा सकता है। परीक्षा केन्द्र पर किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा प्रारंभ होने के 60 मिनट पूर्व तक ही प्रवेश दिया जाएगा। इसके पश्चात् किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र पर प्रवेश नहीं दिया जाएगा। अतः अभ्यर्थी परीक्षा के दिन परीक्षा प्रारंभ होने के लिए नियत समय से पर्याप्त समय पूर्व परीक्षा केंद्रों पर आवश्यक रूप से उपस्थित हो जाएं ताकि सुरक्षा जांच एवं पहचान का कार्य समय पर पूर्ण हो सके। देरी से आने पर तलाशी में समय लगने के कारण परीक्षा में शामिल होने से वंचित हो सकते हैं। अभ्यर्थियों को पहचान हेतु परीक्षा केंद्र पर मूल आधार कार्ड (रंगीन प्रिंट) लेकर उपस्थित होना होगा। यदि मूल आधार कार्ड पर फोटो पुरानी अथवा अस्पष्ट है तो अन्य मूल फोटो युक्त पहचान-पत्र यथा मतदाता पहचान-पत्र, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस जिसमें रंगीन एवं नवीनतम स्पष्ट फोटो हो, लेकर परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होवें। इसके साथ ही अभ्यर्थी प्रवेश-पत्र पर भी नवीनतम रंगीन फोटो ही चस्पा करना सुनिश्चित करें। स्पष्ट मूल फोटो युक्त पहचान-पत्र के अभाव में परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। अभ्यर्थी प्रवेश-पत्र के साथ जारी आवश्यक अनुदेशों का अवलोकन अवश्य कर लेवें।

भगवान आदिनाथ जन्म कल्याणक पर पोस्टर और निबंध प्रतियोगिता 16 को पोस्टर का हुआ विमोचन

● पदमावत मीडिया

भींडर। आदिब्रह्मा आदिनाथ फाउंडेशन, भींडर की ओर से क्रिएटिव सीनीयर सेकेंडरी स्कूल भिंडर में जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ (ऋषभदेव) के जन्म और दीक्षा कल्याणक के उपलक्ष में 16 मार्च रविवार को प्रातः 9:00 से 11:00 बजे तक निबंध और पोस्टर प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। संस्था निदेशक अनिल स्वर्णकार ने बताया कि पोस्टर और निबंध प्रतियोगिता में सरकारी और निजी विद्यालय, महाविद्यालय में अध्यनरत कक्षा 5 से लेकर महाविद्यालय स्तर के छात्र-छात्राएं भाग ले सकते हैं। कनिष्ठ, वरिष्ठ और महाविद्यालय वर्ग के प्रथम द्वितीय आने वाले विद्यार्थियों को पारितोषिक और भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को सांत्वना पुरस्कार मिलेगा। प्रतिभागियों को आदिब्रह्मा आदिनाथ फाउंडेशन द्वारा पारितोषिक वितरण 23 मार्च को आदिनाथ जन्म कल्याणक पर होगा। विद्यार्थी अपना नाम स्कूल के माध्यम से भेज सकते हैं और स्वैच्छिक भी अपना नाम लिखवा कर भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता के आयोजन के पोस्टर का विमोचन उपखंड अधिकारी रमेश चंद्र बहेडिया और निदेशक अनिल स्वर्णकार ने किया।

विजय जैन परिषद का होली मिलन

● पदमावत मीडिया

उदयपुर। विजय जैन परिषद उदयपुर का होली मिलन समारोह आमंत्रा कम्फर्ट में रंगारंग कार्यक्रमों के साथ आयोजित किया गया। अध्यक्ष अशोक कोठारी ने सभी मेंबर्स का स्वागत किया और बताया कि आचार्य विजय राज महाराज के आत्मोदय चातुर्मास को एतिहासिक बनाने में सभी सदस्यों का सराहनीय सहयोग रहा। कार्यक्रम को संयोजक विजय सेठिया ने भी संबोधित किया। धन्यवाद मंत्री विनोद खमेसरा ने दिया।

एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की कार्रवाई

40 हजार का इनामी बदमाश पकड़ाया

● पदमावत मीडिया

जयपुर। एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की टीम ने बड़ी कार्रवाई कर बाड़मेर जिले के थाना गुड़ामालानी में एनडीपीएस एवं आर्म्स एक्ट के मामले में करीब 1 साल से फरार चल रहे 40 हजार रुपए के इनामी बदमाश बाबूलाल धाकड़ पुत्र प्रेमचंद (34) निवासी गांव हरिपुरा थाना बेंगू जिला चित्तौड़गढ़ को चित्तौड़गढ़-कोटा हाईवे पर काटुन्दा मोड़ के पास घेराबंदी कर पकड़ लिया। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स श्री दिनेश एमएन ने बताया कि शातिर बदमाश बाबूलाल धाकड़ को रात को चित्तौड़गढ़ के बेंगू थाने की कस्टडी में रख दस्तयाबी के बारे में थाना गुड़ामालानी पुलिस को सूचित कर दिया गया है। बुधवार सुबह बेंगू थाने से गुड़ामालानी पुलिस आरोपी को अपने मामले में साथ ले गई है।आरोपी मध्य प्रदेश के नीमच, मंदसौर, इंदौर में फरारी काट रहा था, जिसके होली पर गांव आने की एजीटीएफ टीम को सूचना मिली थी। एडीजी श्री एमएन ने बताया कि वांछित बदमाशों, गैंगस्टर्स एवं आपराधिक गिरोह के सदस्यों के बारे में आसूचना संकलन एवं उनकी धर पकड़ के लिए उप महानिरीक्षक पुलिस श्री योगेश यादव एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धांत शर्मा के सुपरविजन एवं इंस्पेक्टर फूलचंद टेलर के नेतृत्व में एएसआई शैलेंद्र शर्मा, हेड कांस्टेबल मदनलाल, अरुण कुमार, कांस्टेबल बृजेश कुमार एवं श्रवण कुमार को उदयपुर रेंज की और रवाना किया गया था।

होली पर गांव आने की मिली थी सूचना

श्री एमएन ने बताया कि इसी दौरान टीम के सदस्य एएसआई शैलेंद्र शर्मा व कांस्टेबल बृजेश कुमार को सूचना मिली कि बाड़मेर के गुड़ामालानी थाने में एनडीपीएस व आर्म्स एक्ट के मामले में वांछित 40 हजार का इनामी बाबूलाल धाकड़ मध्य प्रदेश में फरारी काट रहा है, जो होली के त्योहार पर अपने गांव हरिपुरा थाना बेंगू आएगा। सूचना की पुष्टि के बाद मंगलवार को एजीटीएफ ने बेंगू से 7-8 किलोमीटर पहले चित्तौड़गढ़ कोटा हाईवे पर काटुन्दा मोड के पास घेराबंदी कर आरोपी को दबोच लिया। आरोपी बाबूलाल धाकड़ को थाना बेंगू की कस्टडी में रखा गया था, जहां से बुधवार सुबह को गुड़ामालानी थाना पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के विरुद्ध चित्तौड़गढ़ जिले के बेंगू एवं पारसोली थाने में भी डकैती, महिला का अपहरण कर यौन शोषण, मारपीट सम्बन्धी चार आपराधिक प्रकरण पहले से दर्ज है।

यह है मामला

गत वर्ष 13 अप्रैल 2024 को थाना गुड़ामालानी व डीएसटी टीम द्वारा लूणवा चारणान गांव में पप्पू उर्फ नरेश कुमार विश्नोई पुत्र गंगाराम के घर दबिश देकर कुल 15.782 किलोग्राम अवैध अफीम का दूध, एक पिस्टल जिसमें एक खाली मैग्जीन लगी हुई व एक मैग्जीन में चार जिन्दा कारतुस भरे हुए जब्त किए थे। बरामद मादक पदार्थ व हथियार के बारे में आरोपी पप्पू उर्फ नरेश ने बताया कि अफीम का दूध उसने बाबू लाल धाकड़ एवं हथियार व कारतूस साल 2016 में हरिकिशन विश्नोई निवासी सेवड़ी से 37 हजार रूपये में खरीदे थे। मामले में आरोपी बाबूलाल धाकड़ की गिरफ्तारी के लिए आईजी जोधपुर रेंज विकास कुमार द्वारा 6 मार्च 2025 को 40 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। उक्त संपूर्ण कार्रवाई में एएसआई शैलेंद्र कुमार, हेड कांस्टेबल मदन लाल, अरुण कुमार एवं कांस्टेबल बृजेश कुमार व श्रवण कुमार की विशेष भूमिका रही।

सांसद श्रीमती महिमा कुमारी मेवाड़ ने संसद में उठाया मुद्दा

विकास के नाम पर पर्यावरण का विनाश स्वीकार्य नहीं: सांसद

● पदमावत मीडिया

नई दिल्ली/राजसमंद। माननीय राजसमंद सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने संसद में नियम 377 के तहत पर्यावरण संतुलन और सतत विकास का मुद्दा उठाया और सरकार से स्थानीय निवासियों के अधिकारों और पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि कुम्भलगढ़ में प्रस्तावित टाइगर सफारी का कड़ा विरोध किया, जिसमें उन्होंने बताया कि यह योजना स्थानीय निवासियों के आवास और आजीविका के लिए गंभीर संकट पैदा कर सकती है। उन्होंने मुद्दा उठाया है कि इस क्षेत्र में कभी भी बाघों का प्राकृतिक वास नहीं रहा है, जिससे यह योजना न केवल अव्यावहारिक बल्कि जनविरोधी भी साबित हो सकती है।

वन क्षेत्रों में अवैध खनन पर जताई चिंता

सांसद ने राजसमंद और आसपास के क्षेत्रों में तेजी से हो रहे खनन कार्यों पर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में अवैध खनन और अनियंत्रित ब्लास्टिंग से न केवल राजस्व का नुकसान हो रहा है, बल्कि इससे स्थानीय लोगों का स्वास्थ्य, जल स्रोत और पर्यावरण भी बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। उन्होंने सरकार से मांग की कि इन गतिविधियों पर कठोर नियंत्रण लगाया जाए और कड़े पर्यावरणीय दिशानिर्देश लागू किए जाएं।

पर्यटन विस्तार के नाम पर हो रहा जंगलों का विनाश: सांसद

महिमा कुमारी मेवाड़ ने अपने संबोधन में मुद्दा उठाया है कि उदयपुर, नाथद्वारा, कुम्भलगढ़ और माउंट आबू में पर्यटन विस्तार के नाम पर जंगलों की अंधाधुंध कटाई की जा रही है जिससे स्थानीय वन्यजीवों और पारिस्थितिकी तंत्र पर गंभीर प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने सरकार से मांग की कि पर्यटन विकास योजनाओं में पर्यावरण संतुलन बनाए रखा जाए और जंगलों को नष्ट होने से बचाया जाए।

कुम्भलगढ़ बाघ परियोजना पर हो पुनर्विचार: सांसद

सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने राजसमंद और आसपास के क्षेत्रों में पर्यावरण संतुलन के साथ सतत विकास को प्राथमिकता देने की अपील की। उन्होंने सरकार से अनुरोध किया कि कुम्भलगढ़ बाघ परियोजना पर पुनर्विचार किया जाए ताकि स्थानीय निवासियों को विस्थापन से बचाया जा सके। अवैध खनन और ब्लास्टिंग पर सख्ती से रोक लगाई जाए ताकि पर्यावरण और स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव न पड़े। पर्यटन विकास के नाम पर जंगलों की कटाई पर तत्काल रोक लगाई जाए और पारिस्थितिकी संरक्षण के उपाय किए जाएं।

विकास में न हो पर्यावरण की अनदेखी: सांसद

सांसद ने कहा कि विकास जरूरी है लेकिन वह पर्यावरण और स्थानीय निवासियों के हितों की अनदेखी करके नहीं किया जा सकता। उन्होंने आशा जताई कि सरकार इस मुद्दे को गंभीरता से लेकर आवश्यक कदम उठाएगी।

प्लास्टिक मुक्त राजसमंद: जिला परिषद में सीईओ ने वितरित किए गए एसएचजी द्वारा निर्मित जूट के बैग

प्लास्टिक मुक्त राजसमंद के लिए हर व्यक्ति अपनाएं जुट और कपड़े के बैग -सीईओ बैरवा

● पदमावत मीडिया

राजसमंद। जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा के निर्देशन में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत जिले में पॉलिथीन मुक्त अभियान को प्रभावी रूप से आगे बढ़ाया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बृज मोहन बैरवा ने ज़िला परिषद के कार्मिकों को जूट के बैग वितरित किए। ये बैग स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा निर्मित हैं, जिससे न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त होने का अवसर भी प्राप्त होगा। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं डीपीएम राजीविका दर सुमन अजमेरा ने बताया कि ये बैग जिले की राजीविका समूहों द्वारा तैयार किए गए हैं, जो टिकाऊ और पर्यावरण अनुकूल हैं। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपील की कि वे प्लास्टिक का उपयोग पूरी तरह से त्याग कर जूट, कपड़े और अन्य पर्यावरण हितैषी उत्पादों का उपयोग करें। कार्यक्रम के दौरान ज़िला परिषद के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने सामूहिक रूप से यह संकल्प लिया कि वे अपने दैनिक जीवन में प्लास्टिक का उपयोग नहीं करेंगे और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे। इस पहल के माध्यम से मुख्य कार्यकारी अधिकारी बैरवा ने न केवल पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की बल्कि प्लास्टिक मुक्त ज़िले की दिशा में एक ठोस कदम भी उठाया है। यह अभियान भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगा, जिसमें आमजन को जागरूक करने के लिए विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी।

होली की हार्दिक शुभकामनाएं

● पदमावत मीडिया

त्यौहार है यह प्रेम का
रंग और उमंग का
खुशियों की सौगात का
राधा कृष्ण के रास का
प्रहलाद की भक्ति का
प्रेम और सौहार्द का
हर्ष और उल्लास का
बदलते मौसम का
ग्रीष्म के आगमन का
पकती धान की बाली का
आदर और सम्मान का
सेवा और सत्कार का
सुखद लम्हों का
और रंगों की बौछार का ।

मीनाक्षी राजपुरोहित मीनू

ग़ज़ल

● पदमावत मीडिया

बहाने ढूँढता है रंग लेकर
यार होली में
लुटाये प्यार यूँ मुझ पर
मेरा दिलदार होली में

सभी को छोड़ कर डाले है मुझ पर रंग वो धानी
करे है प्यार का इस ढंग से इजहार होली में

गिले शिकवे सभी दिल से मिटाओ प्यार से यारो
बजाओ ढोल, नाचो खूब, अब की बार होली में

मिटायें हम सभी इक दूसरे से नफ़रतें यारो
करे कोई किसी से भी नहीं तकरार होली में

सताये एक दूजे को न कोई आज से लोगो
बहारों से भरे जीवन करें सब प्यार होली में

खुशी छाने लगी है हर तरफ अब है फ़िज़ा रंगी
गुलाबी लाल रंगो की हुई बौछार होली में

क़दम पड़ते नहीं हैं कामिनी अपने ज़मीं पर अब
हुआ है क्या अजब उनका मुझे दीदार होली में

डॉ. कामिनी व्यास रावल

ग्राम पंचायत गामडी देवल में जिला कलक्टर ने रात्रि चौपाल में सुनी परिवेदनाएं, निस्तारण के निर्देश

● पदमावत मीडिया

डूंगरपुर। जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह ने मंगलवार को ग्राम पंचायत गामडी देवल में रात्रि चौपाल मैं ग्रामवासियों की परिवेदनाओं को सुना तथा निस्तारण के निर्देश दिए। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित रात्रि चौपाल में बड़ी संख्या में ग्रामीण अपनी परिवेदनाएं लेकर उपस्थित हुए। जिला कलक्टर ने गंभीरता से परिवेदनाओं को सुना एवं संबंधित अधिकारियों से तथ्यात्मक जानकारी लेकर नियमानुसार शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए।

विभागीय योजनाओं की दी जानकारी

रात्रि चौपाल में कृषि विभाग , उद्यानिकी, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, पंचायती राज विभाग सहित समस्त विभागीय अधिकारियों ने योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान जिला कलक्टर ने उपस्थित आमजन से राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की।

ये आई परिवेदनाएं

नामान्तर दायर करने, बिलानाम भूमि को विद्यालय के नाम आवंटन करने, आवासीय पट्टा जारी करने, पट्टा जारी करने, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में परकोटा निर्माण, राजस्व ग्राम बनाने, सड़क बनवाने, कार्य स्वीकृत करने, घर-घर नल-जल योजना का लाभ दिलवाने, सीसी सडक का निर्माण, हेण्डपंप, पशु चिकित्सा खुलवाने आदि परिवेदनाएं प्राप्त हुई जिस प्राधिकारियों से जानकारी लेते हुए नियमानुसार निस्तारण करने के निर्देश प्रदान किए।

मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को दी होली एवं धुलंडी की शुभकामनाएं

होली के विविध रंग अनेकता में एकता के प्रतीक - मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

● पदमावत मीडिया

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने होली एवं धुलंडी (13 व 14 मार्च) के पर्व पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। शर्मा ने कहा कि होली का यह त्यौहार जीवन में खुशहाली का प्रतीक है। होली के विविध रंग अनेकता में एकता की हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के परिचायक हैं। रंगों और खुशियों से लबरेज यह पर्व हमें आपसी भाईचारे, एकता और सद्भाव को बढ़ाने की सीख देता है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों का आह्वान किया कि वे आपसी प्रेम, सौहार्द, सामाजिक समरसता के साथ रंगों के इस त्योहार को हर्षोल्लास से मनाएं और प्रदेश को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का संकल्प लें।

भारत विकास परिषद पद्मिनी ने तिलक होली खेलकर स्नेह मिलन समारोह मनाया

● पदमावत मीडिया

उदयपुर। भारत विकास परिषद पद्मिनी अध्यक्ष डॉ शिल्पा पामेचा के नेतृत्व में तिलक होली खेलकर होली मिलन समारोह द सीक्रेट रिजॉर्ट पर धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम संयोजिका प्रीति लुणदिया एवं रेनू सिरोया ने बताया की सभी सदस्यों ने परिवार सहित इस कार्यक्रम में शिरकत करी ,इस अवसर पर अतिथि जयदेव आचार्य, संतोष गोदा एवं प्रशांत व्यास ने इसे सौहार्द और प्रेम का प्रतीक बताया एवं कहा कि भविष्य में भी भारतीय त्योहारों को इसी प्रकार सभी के साथ मिलकर मनाना चाहिए । डॉ बलदीप शर्मा द्वारा अब तक किए गए कार्यों की की रूपरेखा बताई गई और अंत में कोषाध्यक्ष सोनिका चोरडिया ने धन्यवाद अभिवादन किया। कार्यक्रम संयोजन के मुख्य आधार कपिला भारद्वाज, सुमन बोराणा, अनिमा गोस्वामी, विद्या भावसार , हेमलता कंठालिया, जया जैन रही।

आरएएस/आरटीएस संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा-2023

मुख्य परीक्षा परिणाम के क्रम में उत्तीर्ण 32 अभ्यर्थियों को ऑनलाइन भरना होगा विस्तृत आवेदन-पत्र और सेवा प्राथमिकता क्रम

● पदमावत मीडिया

अजमेर। आर.ए.एस/आर.टी.एस. संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा-2023 के दिनांक 02 जनवरी 2025 को घोषित मुख्य परीक्षा परिणाम के क्रम में 7 फरवरी 2025 को जारी किए गए परिणाम में उत्तीर्ण 19 अभ्यर्थी तथा 6 मार्च को 2025 को जारी किए गए परिणाम में उत्तीर्ण 13 अभ्यर्थियों को विस्तृत आवेदन-पत्र और सेवा प्राथमिकता क्रम ऑनलाइन भरने होंगे। विस्तृत आवेदन पत्र और सेवा प्राथमिकता क्रम ऑनलाइन भरने का लिंक 13 मार्च 2025 से 17 मार्च 2025 (रात्रि 12 बजे तक) उपलब्ध रहेगा। इसके पश्चात् कोई अवसर देय नहीं होगा। इस संबंध में विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं आयोग सचिव ने बताया कि विस्तृत आवेदन पत्र एवं सेवा प्राथमिकता क्रम ऑनलाईन भरने के उपरांत ही साक्षात्कार में प्रवेश दिया जावेगा। अभ्यर्थी विस्तृत आवेदन-पत्र एवं सेवा प्राथमिकता क्रम भरने के संबंध में जारी किए दिशा-निर्देशों की पालना करना आवश्यक रूप से सुनिश्चित करें। सभी अभ्यर्थी एसएसओ पोर्टल पर लॉगिन कर रिक्रूटमेंट पोर्टल में मॉय रिक्रूटमेंट सेक्शन के अन्तर्गत डिटेल्ड फार्म कम स्क्रूटनी लिंक को क्लिक कर विस्तृत आवेदन पत्र एवं सेवा प्राथमिकता क्रम अनिवार्य रूप से ऑनलाइन भरें। आयोग द्वारा ऑफलाईन भरे गये विस्तृत आवेदन पत्र और सेवा प्राथमिकता क्रम स्वीकार नहीं किये जायेंगे। ऑनलाइन विस्तृत आवेदन-पत्र एवं सेवा प्राथमिकता क्रम के संबंध में पूर्व में जारी दिशा-निर्देशों व प्रेस नोट दिनांक 9 जनवरी 2025 का अभ्यर्थी आवश्यक रूप से अवलोकन करें। उक्त परीक्षा के अंतर्गत आयोग की वेबसाइट पर राज्य एवं अधीनस्थ सेवाओं का सेवावार पदक्रम 9 जनवरी 2025 को जारी किया गया है। अभ्यर्थी उक्तानुसार जारी सेवा प्रपत्र को ध्यान में रखते हुए ही सेवा प्राथमिकता क्रम भरें। अभ्यर्थी द्वारा सेवा प्राथमिकता प्रपत्र में जिन सेवाओं को प्राथमिकता क्रम दिया जाएगा, उन्हें केवल उन्हीं सेवाओं हेतु विचारित किया जाएगा। अनुसूचित क्षेत्र के अभ्यर्थियों द्वारा एसए एवं एनएसए दोनों प्रकार की सेवाओं के लिए प्राथमिकता क्रम नहीं भरने की स्थिति में उनका दोनों प्रकार की सेवाओं के पदों के लिए विचारण संभव नहीं होगा। केवल उत्कृष्ट खिलाडी, भूतपूर्व सैनिक तथा विभागीय कर्मचारी संवर्ग के अभ्यर्थी विस्तृत आवेदन पत्र एवं सेवा प्राथमिकता क्रम ऑनलाईन भरे जाने के उपरांत दिनांक 17 मार्च 2025 से 21 मार्च 2025 तक अपने विस्तृत आवेदन पत्र मय सेवा प्राथमिकता क्रम (02 प्रतियों में) एवं आवश्यक दस्तावेजों की स्व-हस्ताक्षरित छायाप्रति के आयोग कार्यालय में डाक अथवा व्यक्तिशः आवश्यक रूप से जमा करावें। शेष सभी अभ्यर्थी विस्तृत आवेदन पत्र मय सेवा प्राथमिकता क्रम (02 प्रतियों में) एवं आवश्यक दस्तावेजों की स्व-हस्ताक्षरित छायाप्रति के साक्षात्कार के समय साथ लावें।

सांसद रावत ने दक्षिण राजस्थान में केंद्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय की स्थापना की मांग उठाई

● पदमावत मीडिया

उदयपुर। सांसद मन्नालाल रावत ने राजस्थान के मेवाड वागड़ क्षेत्र सहित तीन राज्यों के मुख्यतः अनुसूचित क्षेत्र के युवाओं की उच्च शिक्षा में गुणवत्ता व वैश्विक आवश्यकता की पूर्ति के लिए दक्षिण राजस्थान में एक केंद्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय की स्थापना करने की मांग की है। सांसद डॉ रावत ने बुधवार को संसद में नियम 377 के अधीन सूचना के तहत जानकारी दी कि दक्षिण राजस्थान का अधिकांश भाग राष्ट्रपति की अधिसूचना 18 मई, 2018 के अनुसार अनुसूचित क्षेत्र के अधीन आता है। यह क्षेत्र गुजरात व मध्य प्रदेश राज्य के अनुसूचित क्षेत्र से सटा हुआ है। तीनों राज्यों के इन क्षेत्रों में लगभग डेढ करोड़ से अधिक जनजातीय जनसंख्या है। देश में अमरकंटक (मध्यप्रदेश), विजयनगरम (आंध्रप्रदेश) एवं मुलुगु (तेलंगाना) में केंद्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय स्थापित किए हैं। इनमें से दो केंद्रीय जनजातीय विश्वविद्यालयों (विजयनगरम एवं मुलुगु की स्थापना नरेंद्र मोदी की सरकार में की गई है। उक्त तीनों जनजातीय विश्वविद्यालय दक्षिणी राजस्थान के जनजातीय क्षेत्र से 1000-1500 किमी दूरी पर स्थित है। सांसद डॉ रावत ने कहा कि राजस्थान के मेवाड वागड़ क्षेत्र सहित तीन राज्यों के मुख्यतः अनुसूचित क्षेत्र के युवाओ की उच्च शिक्षा में गुणवत्ता व वैश्विक आवश्यकता की पूर्ति के लिए दक्षिण राजस्थान में एक केंद्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय की स्थापना करने की आवश्यकता है।

कहानी लेखन प्रतियोगिता में प्रतिभाओं का किया सम्मान

● पदमावत मीडिया

भीनमाल । अखिल भारतीय साहित्य परिषद् जोधपुर प्रांत की कहानी लेखन प्रतियोगिता का सम्मान समारोह जोधपुर के यूथ हॉस्टल में आयोजित हुआ ।कार्यक्रम में विद्यालय, महाविद्यालय और साहित्यकार वर्ग में अव्वल प्रतिभाओं का सम्मान किया गया । प्रतियोगिता में कहानी का विषय भारतीय परिवार व्यवस्था एवं कुटुंब परंपरा रखा गया । प्रांत उपाध्यक्ष परमानंद भट्ट ने बताया कि समारोह में साहित्यकार वर्ग में प्रथम ओमप्रकाश खंडेलवाल, द्वितीय भरत कोराणा एवं तृतीय मीठालाल खत्री रहे । महाविद्यालय स्तर पर भंवरलाल जालोर, द्वितीय अंजली कंसारा भीनमाल एवं तृतीय विशाल सुथार रहे । वही विद्यालय स्तर पर प्रथम मनीषाकुमारी बावड़ी, द्वितीय गुलाब राजहंस जालोर एवं तृतीय निकिताकुमारी बावड़ी रही । पुरस्कारों की घोषणा प्रान्तीय अध्यक्ष अखिलानंद पाठक तथा मिडिया प्रमुख पवन पाण्डेय द्वारा की गई । प्रान्त अध्यक्ष ने बताया कि राजस्थान के तीनों प्रांतों के परिणाम के सफल प्रतिभागियों में से सम्पूर्ण राजस्थान तथा तत्पश्चात राष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगियों का चयन कर उन्हें पुरुस्कृत किया जाएगा । समारोह की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार पूर्व विभागाध्यक्ष राजस्थानी विभाग के प्रोफेसर कल्याणसिंह शेखावत ने की । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यसभा सदस्य राजेंद्र गहलोत थे । वहीं राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री मनोज कुमार, क्षेत्रीय अध्यक्ष डॉ विपिनचंद्र, डॉ अन्नाराम शर्मा, डॉ फतेहसिंह भाटी अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम में साहित्यकार श्रेणी में साहित्य पद्म पुरस्कार एवं अन्य श्रेणियों में अव्वल प्रतिभाओं को जैनेंद्रकुमार कथाकार पुरस्कार प्रदान किया गया । इस मौके वरिष्ठ साहित्यकार परमानंद भट्ट, विधि अंकेक्षण अधिकारी दशरथकुमार सोलंकी, गजलकार मदनराज बोहरा, ओमप्रकाश खंडेलवाल, मीडिया प्रभारी भरत कोराणा एवं आहोर इकाई से मदनलाल चौहान सहित कई लोग उपस्थित रहे।

स्पेशल टास्क फोर्स इकाई ग्वालियर एवं स्टेट टाईगर स्ट्राईकर फोर्स यूनिट शिवपुरी के संयुक्त अभियान से

वन्य प्राणी चीतल सांभर के सींग, एक जंगली जिंदा खरगोश तथा बुलेरो सहित दो आरोपी गिरफ्तार

● पदमावत मीडिया

भोपाल/शिवपुरी। विशेष पुलिस महानिदेशक म0प्र0 एसटीएफ श्री पंकज श्रीवास्तव ने वन्य प्राणी संरक्षण हेतु वन्य प्राणियों के शिकार करने वाले एवं अंगों की खरीद फरोख्त करने वाले गिरोह के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए थे, जिसके पालन में पुलिस अधीक्षक एसटीएफ ग्वालियर श्री राजेश सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में उप पुलिस अधीक्षक इकाई प्रभारी एसटीएफ ग्वालियर श्री संजीव कुमार तिवारी के नेतृ?व में 06 सदस्यीय एक टीम गठित की गयी। उक्त एसटीएफ टीम एवं स्टेट टाईगर स्ट्राईकर फोर्स यूनिट शिवपुरी की संयुक्त टीम द्वारा जिला श्योपुर कूनो अभ्यारण में वन्य प्राणियों के शिकार कर उनके अंगों की तस्करी कर रहे आरोपियों के विरूद्ध 11 मार्च 2025 को मुखबिर की सटीक सूचना पर से बस स्टैण्ड श्योपुर के पास एक बुलेरो वाहन क्रमांक एमपी-06-बीए-0660 के साथ ऋषिकेश मीणा पिता देवीलाल मीणा, उम्र-36 वर्ष, निवासी ग्राम कनरदा, थाना करनपुर, जिला करौली, राजस्थान एवं सखी आदिवासी पत्नी टिंकल आदिवासी उम्र 27 वर्ष, निवासी-कस्बा लिखारा, पुलिस थाना अगरा जिला श्योपुर को घेराबंदी कर उनके कब्जे से 11 सींग (चीतल/सांभर), एक जंगली जिंदा खरगोश मय बुलेरो वाहन बरामद की गयी। जिसमें अग्रिम कार्यवाही सामान्य वनमण्डल जिला श्योपुर द्वारा की जा रही है। उक्त कार्यवाही में एसटीएफ इकाई ग्वालियर के प्रधान आरक्षक नरेन्द्र शर्मा, आरक्षक रवि गोले, आरक्षक रवि कछवारे, आरक्षक कपिल यादव, आरक्षक अरविन्द्र प्रजापति एवं आरक्षक चालक काजी जावेद की भूमिका रही है।

जैन तेरापंथी समाज के किशोरों एवं युवाओं द्वारा जरूरतमंद बच्चों के साथ मनाया गया होली का त्योहार

● पदमावत मीडिया

उदयपुर। अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद द्वारा निर्देशित सेवा संस्कार और संगठन के क्षेत्र में कार्य करते हुए तेरापंथ युवक परिषद उदयपुर के तत्वाधान में तेरापंथ किशोर मंडल उदयपुर द्वारा बुधवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मुणवास एवं राजकीय माध्यमिक विद्यालय मुणवास में होली के उपलक्ष मे खुशियों की होली का कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक विष्णु पांडा ने सभी का स्वागत और अभिनंदन किया और होली की शुभकामनाएं दी। तेरापंथ युवक परिषद के अध्यक्ष भूपेश खमेसरा द्वारा कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बताया गया की दूसरों की खुशियों में खुश होना और विसर्जन की भावना को जागृत करना समाज के मौलिक विकास के लिए जरूरी होता है, जिसके निमित किशोर मंडल द्वारा आज यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। साथ ही सभी को नेत्रदान के लिए जानकारी देते हुए निवेदन किया कि जागरूक नागरिक की तरह मानव मात्र के इस सेवा कार्य में जुड़कर किसी भी तरह

की नेत्रदान के लिए सूचना तुरंत हम तक पहुंचाने का प्रयास करें। किशोर मंडल के प्रभारी देवांश नाहर ने बताया कि आज हम इन सभी बच्चों के साथ खुशियां मनाने आए हैं। जिसमें स्कूल के लगभग 180 बच्चों के बीच में जाकर होली मनाई गई तथा उन्हें पिचकारियां, गुब्बारे, गुलाल और मिठाईयां वितरित की गई। सामग्री पाकर बच्चे अत्यंत खुश हुए तथा दोनों ही विद्यालयों के बच्चों एवं शिक्षको के द्वारा होली की शुभकामना देते हुए तेरापंथ युवक परिषद एवं तेरापंथ किशोर मंडल का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया गया। मुख्य अतिथि महोदय ने कहा आप सबकी वजह से आज स्कूल के बच्चों ने होली की खुशियां मनाई एवं त्योहार के लिए उत्साह बढ़ा।

किशोर मंडल प्रभारी मुदित कच्छारा एवं कार्यक्रम संयोजक शौर्य खमेसरा के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में विशेष रूप से मुख्य अतिथि कैलाशपुरी के सरपंच नारायण लाल गमेती व विशिष्ट अतिथि पंचायत समिति सदस्य व पूर्व सरपंच श्रीमती भगवती देवी एवं समाजसेवी अशोक मोड, तेरापंथ समाज से सभा अध्यक्ष कमल नाहटा, रंजीत पगारिया, विकास पगारिया, महिला मंडल अध्यक्षा सीमा बाबेल, आशा हरकावत, सुमन डागलिया,रेणु कच्छारा,तेरापंथ युवक परिषद कि प्रबंध मंडल टीम से अशोक चौरडिया, महेंद्र बोहरा, गौरव लोढ़ा, संजय सिंघवी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन परिषद मंत्री साजन मांडोत द्वारा किया गया, एवं आभार किशोर मंडल प्रभारी अंकित रुनवाल द्वारा किया गया।

चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस भवन में सीए सदस्यों का कैंसर स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन

● पदमावत मीडिया

उदयपुर। भारतीय चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस संस्थान की उदयपुर शाखा सेक्टर 14 स्थित आईसीएआई भवन में दो दिवसीय कैंसर स्क्रीनिंग प्रोग्राम शिविर का समापन बुधवार को हुआ। शाखा अध्यक्ष सीए राहुल माहेश्वरी ने बताया कि दो दिवसीय ÷कैंसर स्क्रीनिंग प्रोग्राम शिविर में 500 से अधिक सीए सदस्य एवं उनके परिवारजनों ने शिविर में आकर रक्त जांच करवाई तथा आवश्यक परामर्श लिया। साथ ही अध्यक्ष माहेश्वरी ने बताया कि कि दातार कैंसर जेनेटिक्स प्राइवेट लिमिटेड, नासिक की टीम द्वारा ब्लड टेस्ट लिए गए। जिसमें 30 तरह की कैंसर की जांच की जाएगी, जिससे समय रहते सदस्य को अपना इलाज करवाने में सहायता मिलेगी। दातार कैंसर के जनरल मैनेजर मिलिन्द अग्निहोत्री ने बताया कि यह कम्पनी यूके, यूएसए एवं जर्मनी में भी है तथा 14 वर्षों से नासिक में भी अपनी सेवाएं दे रही है।

शिविर का संचालन कोषाध्यक्ष सीए सौरभ गोलछा व सीकासा अध्यक्ष सीए अरूणा गेलड़ा ने किया। कार्यक्रम के अंत में शाखा सचिव सीए धर्मेन्द्र सिंह कोठारी ने उपस्थित सभी सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

पहाडियों पर आगजनी की घटनाओं का मामला सांसद रावत ने संसद में उठाया

ऐसी घटनाओं को नियंत्रित करने के लिए पुख्ता प्रबंधन के सुझाव दिए

● पदमावत मीडिया

उदयपुर। सांसद डॉ मन्नालाल रावत ने उदयपुर सहित मेवाड के विभिन्न क्षेत्रों में आए दिन पहाडियों पर लग रही आग का मामला बुधवार शुन्यकाल के दौरान संसद में उठाया और ऐसी घटनाओं को नियंत्रित करने के लिए पुख्ता प्रबंधन की आवश्यकता जताई। सांसद डॉ रावत ने कहा मेवाड क्षेत्र में जो अरावली पर्वत है बहुत बडे क्षेत्र में फैला हुआ है। बहुत सारी नदियां निकलती है जो बंगाल की खाडी और अरब सागर तक जाती है। अभी यहां अभ्यारण्य क्षेत्र फुलवारी की नाल, सज्जनगढ, जयसमंद, केवडा की नाल और सीतामाता अभ्यारण्यों में कई जगह आग लगी हुई है जिससे पूरा जंगल भस्म हो रहा है, आसपास की बस्तियों में आग पहुंच रही है और उसको नियंत्रित करने की सही तरीके से कोई व्यवस्था नहीं है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय एक राष्ट्रीय अनुकूल योजना बना रही है। सांसद डॉ रावत ने सुझाव दिया कि आग की घटनाओं को रोकने के लिए आसपास रहने वाले लोगों को घास काटने की अनुमति दी चाहिए। साथ ही एनिकट बनाकर पानी की व्यवस्था व बिजली व मोटर की व्यवस्था हो ताकि इस प्रकार की आगजनी घटना जब भी हो तो तुरंत नियंत्रित किया जा सके। नरेगा के तहत जगह-जगह रास्ते बनाए जाए ताकि आगजनी के वक्त वाहन पहुंचे सके।

विज्ञान समिति परिसर अशोकनगर में गुरुवार को तिलक होली मनाई जाएगी

● पदमावत मीडिया

उदयपुर। विज्ञान समिति अशोक नगर परिसर में गुरुवार दिनांक 13 मार्च को प्रातः 11:00 बजे तिलक होली खेलने का कार्यक्रम रखा है । अध्यक्ष प्रोफेसर महिप भटनागर के अनुसार इस कार्यक्रम में विज्ञान समिति के सभी सदस्य अपने जीवन साथी के साथ भाग लेंगे। उत्सव अनुरूप नाच गान व मनोरंजक प्रस्तुतियों का आयोजन होगा यह जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी प्रो विमल शर्मा ने बताया की धुलेण्डी के दिन सतर्कता वश वरिष्ठजन घरों से नहीं निकलते है व अपने हम उम्र साथिओ को रंग लगाने से वंचित रहते है। होली के इस पवित्र त्यौहार की सार्थकता कोई जीवंत रखने के उद्देश्य से एक दिन पूर्व ही इस तिलक होली के आयोजन रखा है। इसमें सभी परिचित वरिष्ठ जन को भी आमंत्रित कर तिलक होली खेलने हेतु प्रोत्साहित किया गया है।

हिन्दू नववर्ष पर गूंजेगा मंगलाचार, निकलेगी शोभायात्रा, होगी धर्मसभा

मातृशक्ति की बैठक में कलश यात्रा के पंजीयन पर हुई चर्चा, मार्ग में तीन किलोमीटर की होगी विशाल रंगोली

● पदमावत मीडिया

राजसमंद। हिन्दू नववर्ष समारोह समिति, राजसमंद के तत्वावधान में इस बार भी हिन्दू नववर्ष को धूमधाम से मनाया जाएगा। यह आयोजन पिछले कई वर्ष से निरंतर जारी है इस अवसर पर नववर्ष विशाल शोभायात्रा और धर्मसभा का आयोजन भव्य स्वरूप लिए होगा। हिन्दू नववर्ष पर आयोजित होने वाली दिव्य व भव्य धर्मसभा व शोभायात्रा की रचना को लेकर मातृशक्ति की बैठक मधुकर भवन पर आयोजित हुई। समिति के प्रचार प्रसार प्रमुख ने बताया कि आयोजन को लेकर मातृशक्ति में अपार उत्साह है। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत 2082 भारतीय नववर्ष को राजसमन्द में शंख ध्वनि के साथ मंगलाचार गूंजेंगे। कलश यात्रा के साथ निकलने वाली भव्य शोभयात्रा में महिलाएं मंगलगीत गाती चलेंगी। धर्मसभा व शोभायात्रा के विषयों पर चर्चा करते हुए धर्मसभा के पंडाल में बैठक व्यवस्था, शोभायात्रा के मार्ग में तीन

किलोमीटर लम्बी ऑयल पेंट रंगोली बनाने, कलश यात्रा हेतु पंजीयन करने व विभिन स्थानों पर मातृशक्ति की बैठके आयोजित करने का निर्णय हुआ। शोभायात्रा के स्वागत में हिन्दू समाज द्वारा शहर के समस्त चौराहों को भगवा पताकाओं से सजाया जाएगा। इस अवसर पर वर्धिनी पुरोहित, मधु चोर्डिया, सोनिका सोनी, कौशल्या पालीवाल, सुमन जोशी, मधु पालीवाल, सविता सनाढ्य, मधु पालीवाल, रेखा गोस्वामी, चेतना सैन, राजेश्वरी पालीवाल, वीणा वेष्णव, राजश्री सोनी, भाग्यश्री साहू, प्रेक्षा सैन, सोनम गुप्ता, काजल प्रजापत, जया प्रजापत, संगीता खींची, आशा टेलर, सरोज जैन सहित कई महिलाएँ उपस्थित थी।

रसद विभाग की कार्यवाही जारी- अवैध रूप से भंडारित गैस सिलेंडर व उपकरण किए जब्त

● पदमावत मीडिया

उदयपुर। राज्य सरकार के दिशा-निर्देशानुसार अवैध एलपीजी रिफीलिंग व घरेलू गैस के व्यवसायिक दुरूपयोग से होने वाली राजस्व हानि तथा गैस सिलेण्डरों की अवैध भण्डारण की रोकथाम हेतु गठित विशेष जॉच दल द्वारा साप्ताहिक कार्यवाही के तहत शहर व गिर्वा ब्लॉक में विभिन्न प्रतिष्ठानों की जांच की गई। जिला रसद अधिकारी मनीष भटनागर ने बताया कि जांच दल में प्रवर्तन अधिकारी श्रीमती निशा मूंदड़ा, प्रर्वतन निरीक्षक डॉ. कोमल सिंह सोलंकी, विशेष मीणा द्वारा गिर्वा के उमरड़ा व रेती स्टेण्ड, क्षेत्र में आकस्मिक जॉच में प्रतिष्ठान जय अम्बे टी स्टॉल नाईस मोबाईल, रेती स्टेण्ड में एमएम रेस्टोरेन्ट पर 02 प्रतिष्ठानों पर 27 प्रयुक्त घरेलू गैस सिलेण्डर व 4 व्यवसायिक गैस सिलेण्डर व 33 प्रेसर रेघुलेटर एवं गैस ट्रॉसफर करने हेतु प्रयोग में लाने हेतु बांसुरी उपरण जब्त किये गये।

'विश्व गुर्दा दिवस' पर रन फॉर किडनी का आयोजन

दौड़ लगाकर दिया किडनी सुरक्षा का संदेश गुर्दे के महत्व एवं बीमारीयों के बारे में आम नागरिक को किया जागरूक

● पदमावत मीडिया

उदयपुर। पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल,तिरुपति कॉलेज ऑफ नर्सिंग एवं पेसिफिक कॉलेज ऑफ फिजियोथेरेपी के संयुक्त तत्वाधान में विश्व गुर्दा दिवस 13 मार्च 2024 के अबसर पर आमजन में जागरूकता लाने के लिए रन फॉर किडनी एवं किडनी हेल्थ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजक डॉ.मोहित नरेड़ी ने बताया कि इस जागरूकता कार्यक्रम की शुरुआत फतहसागर पर 'स्वस्थ किडनी के लिए प्रारंभिक पहचान को प्राथमिकता देना' थीम पर एक मैराथन दौड़ का आयोजन कर किया गया इस मैराथन दौड को पेसिफिक मेडिकल विश्वविधालय के वाइस चॉसलर डॉ.एम.एम.मंगल,यूरोलॉजिस्ट डॉ.हनुवन्त सिंह राठौड,डॉ.क्षितित रॉका,नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ.मोहित नरेडी,बाल एवं नवजात शिशु सर्जन डॉ.प्रवीण झंवर,फिजियोथेरपी के डीन डॉ.जफर खान एवं नर्सिंग कॉलेज के एसोसिएट प्रोफेसर सजय नागदा ने झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर वाइस चॉसलर डॉ.एम.एम.मंगल ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से उदयपुर के

नागरिकों में किडनी हेल्थ को लेकर अवेयरनेस बढ़ेगी और लोगो का जीवन समय रहते बचाया जा सकेगा। इस दौड़ में पेसिफिक मेडिकल यूनिवर्सिटी के छात्रों एवं मेवाड़ी रनर्स सहित लगभग 300 प्रतिभागियों ने भाग लिया जिन्हे पारितोषिक एवं सांत्वना पुरुस्कार प्रदान किए गए। इस दौरान यूरोलॉजिस्ट डॉ.हनवंत सिंह राठौड़ ने बताया की इस कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन में किडनी की महत्ता के साथ साथ आज की जीवन शैली में किडनी के ऊपर होने वाले दुष्प्रभावों से बचाना। साथ ही उन्होने कहा कि किडनी किसी के जीवन को कैसे प्रभावित कर सकती हैं। मानव शरीर को ठीक से काम करने के लिए किडनी की आवश्यकता होती है और स्वस्थ किडनी के बिना सबसे आसान काम भी एक बेहद मुश्किल काम बन जाता है। ऐसे में खानपान और लाइफस्टाइल पर ध्यान देने से किडनी की बीमारियों से बचा जा सकता है। कार्यक्रम संयोजक डॉ,मोहित नरेडी ने कहा कि किडनी की बीमारी का शुरुआती दौर में आसानी से पता नहीं चलता है, लेकिन अगर लोग जागरूक रहेंगे और लक्षणों पर ध्यान दें तो समय रहते ही इस बीमारी का पता चल सकता जिससे की इलाज में आसनी हो सके। किडनी दिवस का उद्देश्य दुनिया भर में गुर्दे के महत्व और गुर्दे की बीमारी और इससे जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं के प्रभाव के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना है।

कला शिविर संपन्न, सृजन कार्यों का भव्य प्रदर्शन

● पदमावत मीडिया

उदयपुर। टखमण-28 कला प्रांगण में पिछले 6 दिन से चल रहे दोनों अखिल भारतीय कला शिविरों का समापन बुधवार को हुआ। इसमें भागीदारी कर रहे देश भर के 42 कलाकारों द्वारा नवनवीन सृजन कार्यों के अवलोकन हेतु संस्था की ही कला दीर्घा में प्रदर्शनी आयोजित की गई है। देश भर से आए प्रसिद्ध कलाकार दीपक शिंदे, चरण शर्मा, पद्मश्री प्रेमजीत बारिया, राजेन्द्र पाटिल, संतोष वर्मा, विनोद शर्मा, सतीश वावरे,मनहर कापड़िया, नरेन्द्र पटेल , विद्यासागर उपाध्याय,मीनू श्रीवास्तव, रेखा भटनागर, सुधाकर बेलेकर एवं कई स्थानीय कलाकारों की उपस्थिति में मुख्य अतिथि कलाविद् सुरेश शर्मा एवं प्रो. शैल चोयल ने दीप प्रज्वलित करते हुए उद्घाटन किया। प्रदर्शित कई सृजन कार्यों ने दर्शक बने कलाकारों एवं कला प्रेमियों को लुभाया भी और किसी न किसी चित्रगत तत्व से प्रेरित भी किया। उल्लेखनीय है कि टखमण के साथ पश्चिम क्षेत्र संस्कृति केंद्र, उदयपुर एवं कला व संस्कृति विभाग, राजस्थान सरकार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित शिविर क्रमशः अखिल भारतीय सीनियर आर्टिस्ट पेंटिंग शिविर तथा अखिल भारतीय मल्टीमीडिया कला शिविर में प्रतिभागी कलाकारों ने निज शैली में प्रदर्शित कृतियां रची है और रचनात्मक अनुभव साझा किए हैं। छः दिन तक छाए रहे कला माहौल का सृजन परिणाम भी अनूठा व आनंददायक रहा। प्रदर्शित चित्रों में मुंबई के दीपक शिंदे ने 60/54÷ के एक बड़े कैनवास पर अर्द्ध अमूर्तन की निराली दुनिया रची है। गहरी रंग योजना मय पोत के पारदर्शी रंगीन परतें किसी भी सुधि दर्शक को देखते रहने के लिए प्रेरित कर सकती हैं। मुंबई के राजेंद्र पाटिल अपने चित्रों में अतीत में छाई रही आशा और भय के मिश्रित द्वंद्व के साथ अंतराल पर विशेष कार्य करते हैं। इन्हीं भावों के अनुरूप रंगों की कई परतें चित्र में सहज ही आ जाती है। प्रदर्शनी में प्रदर्शित पेंटिंग, सिरेमिक्स, ग्राफिक्स, ड्राइंग्स, आदि माध्यमों के द्वारा संपादित विविध हाव भाव व विभिन्न आकारों को दर्शाने वाली कृतियां हैं। सचिव संदीप पालीवाल ने प.क्षे.सं.कें. के आयुक्त श्री फुरकान खान के कलाकारों व कला संस्था को प्रोत्साहनार्थ दिये गए विशेष सहयोग को रेखांकित करते हुए बताया कि यह प्रदर्शनी 14 मार्च तक अवलोकनार्थ खुली रहेगी।

राजनैतिक दलों के बूथ लेवल अभिकर्ताओं की नियुक्ति

● पदमावत मीडिया

उदयपुर। राज्य मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बुधवार को विडियो कांफ्रेंस के माध्यम से प्रदेश के सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होने राजनैतिक दलों के बूथ लेवल अभिकर्ताओं की नियुक्ति की प्रगति के संबंध में समीक्षा की और फेक न्यूज पर लगातार नजर रखने संबंधी निर्देश दिए। उप जिला निर्वाचन अधिकारी दीपेंद्र सिंह राठौड़, जिला स्तरीय मीडिया अधिप्रमाणन समिति के सदस्य सचिव गौरीकांत शर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारी जिला कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी में विडियो कांफ्रेंस से बैठक में शामिल हुए। राठौड़ ने बताया कि निर्वाचन आयोग की ओर से निर्देश है कि सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनैतिक दल प्रत्येक चुनाव बूथ पर अपने बूथ स्तरीय अभिकर्ता (बीएलए) नियुक्त कर जिला निर्वाचन अधिकारी को सूची सौंपेंगे। इस कार्य में अभी तक हुई प्रगति की समीक्षा करते हुए राज्य मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने इस कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। महाजन ने विडियो कांफ्रेंस में कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण एक सतत प्रक्रिया है जिसमें बीएलए की महत्वपूर्ण भूमिका है। साथ ही मतदाता-जनसंख्या अनुपात बढ़ाने में बीएलए की सहायता लेने व ईवीएम वेयरहाउस के त्रेमासिक निरीक्षण के दौरान सभी दलों के प्रतिनिधियों को आमंत्रित करने पर भी चर्चा की। वीसी में आयोग की एप व आईटी टूल्स के प्रति जागरूकता बढ़ाने के निर्देश दिए गए। ईआरओ नेट, ईवीएम मेनेजमेंट सिस्टम, सर्विस वोटर पोर्टल, एनजीएस, वोटर हेल्पलाइन एप, बीएलओ मोबाइल एप के व्यापक प्रचार प्रसार के साथ ही चुनाव के दौरान सी-विजिल, वोटर टर्नआउट एप, लाइव वेबकास्टिंग, बूथ एप, सुविधा ऑनलाइन, एनकोर आदि एप्लिकेशन के प्रयोग को बढ़ावा देने के निर्देश दिए गए।

जिले के दूरस्थ और आदिवासी बहुल कोटड़ा क्षेत्र में पहुंचे जिला कलेक्टर, एसपी

● पदमावत मीडिया

उदयपुर। जिला कलेक्टर नमित मेहता एवं जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल बुधवार को जिले के दूरस्थ और आदिवासी बहुल कोटडा उपखंड क्षेत्र के दौरे पर रहे। दोनों अधिकारियों ने विभिन्न पुलिस थानों एवं चौकियों पर आयोजित सीएलजी बैठकों में हिस्सा लेकर त्योहारों को सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की। साथ ही कोटडा उपखंड कार्यालय पर उपखंड स्तरीय अधिकारियों से विभागीय योजनाओं के संबंध में चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। जिला कलक्टर मेहता व एसपी गोयल उदयपुर से सीधे कोटडा उपखंड के अंतर्गत पुलिस थाना मांडवा अंतर्गत पुलिस चौकी जुड़ा में आयोजित सीएलजी बैठक में पहुंचे। उन्होंने सीएलजी सदस्यों को होली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए शांतिपूर्ण रूप से त्योहार मनाने के संबंध में चर्चा की। ग्रामीणों ने क्षेत्र में विद्युत समस्या के बारे में कलक्टर को अवगत करवाया। मौके पर ही जिला कलक्टर ने एवीवीएनएल अधिकारियों को समस्या का शीघ्र समाधान

करवाने के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने कोटडा उपखंड मुख्यालय से उदयपुर हेतु रोडवेज बसें बढ़ाने की भी मांग की गई इस पर भी जिला कलेक्टर ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। तत्पश्चात जिला कलक्टर व एसपी कोटडा उपखंड मुख्यालय पहुंचे। वहां उन्होंने पुलिस थाना कोटडा में आयोजित सीएलजी बैठक में भाग लिया। उन्होंने सुरक्षा सखियों से चर्चा करते हुए पुलिस को दिए जा रहे सहयोग की जानकारी ली तथा सुरक्षा सखियों में से राजीविका समूहों से जुड़ी महिलाओं द्वारा तैयार किया जा रहे हर्बल गुलाल के बारे में भी जानकारी लेते हुए उनकी हौसला अफजाई की। एसपी गोयल ने कहा कि त्योहार उत्साह और उल्लास के लिए हैं इसे खुशी के साथ मनाएं। त्योहारों पर पर्याप्त संख्या में अतिरिक्त जाब्ता भी आवश्यकता अनुसार थानों और चौकियों को उपलब्ध करवाया गया है। पुलिस दल विभिन्न क्षेत्रों में लगातार गश्त भी कर रहे हैं, ऐसे में आमजन निर्भीक होकर त्योहार मनाएं। जिला कलक्टर एवं एसपी ने पानरवा पुलिस थाने तथा कोल्यारी पुलिस चौकी पर आयोजित सीएलजी बैठकों में भी भाग लिया। इस दौरान उन्होंने सीएलजी सदस्यों से परिचय लेते हुए सभी को त्योहारों की बधाई और शुभकामनाएं भी प्रेषित की तथा शांतिपूर्ण रूप से त्यौहार मनाने के संबंध में चर्चा की।

ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की बैठक, जानी योजनाओं की प्रगति

जिला कलक्टर मेहता ने कोटडा उपखंड मुख्यालय पर ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों से संबंधित विभाग की योजनाओं की उपखंड में प्रगति जानी तथा आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने एवीवीएनएल के अधिकारियों को क्षेत्र में जीएसएस के लिए आवश्यक जमीन के प्रकरण शीघ्र निस्तारित करने को कहा। कोटडा उप जिला चिकित्सालय में चिकित्सकों की कमी पर जिला कलक्टर ने सीएमएचओ को आवश्यकतानुसार डॉक्टरों को प्रतिनियुक्ति करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने रिक्त पटवार हल्को पर शीघ्र पटवारी नियुक्त करने की भी बात कही।

उपखण्ड कार्यालय एवं मनरेगा कार्यस्थल का निरीक्षण

कोटडा दौरे के दौरान जिला कलक्टर मेहता ने कोटडा उपखंड कार्यालय का भी अवलोकन किया तथा उपस्थित उपखंड अधिकारी को कार्यालय में साफ-सफाई रखने एवं आवश्यक मरम्मत आदि समय-समय पर करवाते रहने के निर्देश प्रदान किये। तत्पश्चात जिला कलक्टर ग्राम पंचायत जोगीवड में मनरेगा के तहत चल रहे कार्यों का अवलोकन करने भी पहुंचे। इस दौरान ग्रामीणों ने पारंपरिक नृत्य कर जिला कलेक्टर का स्वागत किया। जिला कलक्टर ने सभी को होली पर्व की शुभकामनाएं भी दी। इस दौरान कोडडा एसडीएम हँसमुख कुमार, तहसीलदार लालाराम मीणा, बीडीओ मनवीर सिंह, पुलिस उपाधीक्षक राजेंद्र सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

अध्यक्ष राजस्थान राज्य भण्ड़ार व्यवस्था निगम ने किया भण्ड़ारगृहों का निरीक्षण

राज्य में 97 स्थानों पर निगम के भण्ड़ारगृह कार्यरत

● पदमावत मीडिया

जयपुर । शासन सचिव कृषि एवं उद्यानिकी व अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक राजस्थान राज्य भण्ड़ार व्यवस्था निगम श्री राजन विशान ने राज्य भण्ड़ारगृह, 22 गोदाम जयपुर, राज्य भण्ड़ारगृह और केन्द्रीय भण्ड़ारण निगम चौमू का निरीक्षण कर भण्ड़ारगृहों की व्यवस्थाओं व रख-रखाव का जायजा लिया। शासन सचिव ने निरीक्षण के दौरान भण्ड़ारगृहों के सुचारू संचालन के लिए निगम अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने गोदामों में जमा खाद्यान्न एवं अन्य जिन्सों की सुरक्षा हेतु लगे सीसीटीवी कैमरा द्वारा की जा रही मॉनिटरिंग और ड्यूटी पर तैनात सुरक्षा कर्मियों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने गोदामों में आवश्यक रिपेयर कार्य को शीघ्रता से पूर्ण कराने, भण्ड़ारगृहों की उपयोगिता बढ़ाने और भण्ड़ारगृहों की साफ-सफाई रखने के निर्देश दिये। श्री राजन विशाल ने केन्द्रीय भण्ड़ारगृह चौमू में पौधारोपण कर भण्ड़ारगृह के कार्मिकों को पर्यावरण हित में अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए कहा। उन्होंने बताया कि किसानों द्वारा अपनी कृषि उपज सरसों, सोयाबीन, गेहूं, ग्वार, धनियां, जीरा, मैथी, अलसी, तारामीरा, तिल, ईसबगोल निगम के भण्ड़ारगृहों में जमा कराने पर उसके बाजारी मूल्य की 75 प्रतिशत राशि तक का बैंकों द्वारा ऋण दिए जाने का प्रावधान है। उल्लेखनीय है कि भण्ड़ारगृहों पर खाद्यान्न, दलहन, तिलहन, मसालें, खाद, बीज, कपास, सीमेन्ट, कागज, कॉपर, एल्यूमीनीयम, लोहा व औद्योगिक उत्पादों का वैज्ञानिक भण्ड़ारण किया जाता है। भण्ड़ारगृहों पर स्टॉक जमा कराने पर सहकारी संस्थाओं को 10 प्रतिशत, सामान्य श्रेणी के किसानों को 60 प्रतिशत एवं अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के किसानों को 70 प्रतिशत संग्रहण शुल्क में छूट भी प्रदान की जाती है। निगम द्वारा अपने समस्त केन्द्रों पर कम्प्यूटराइजेशन किया जा चुका है किसानों व व्यापारियों को विपणन की आधुनिकतम सुविधाऐं उपलब्ध होगी। राज्य में कुल 39 जिलों में 97 स्थानों पर निगम के भण्ड़ारगृह कार्यरत है, जिनकी भण्ड़ारण क्षमता 17.20 लाख मेट्रिक टन है। इस दौरान भण्ड़ार निगम के संयुक्त निदेशक (प्रशासन) श्री गोपाल दास, संयुक्त निदेशक विकास श्री मदन लाल तेली, सहायक निदेशक व्यापार श्री ज्ञानेन्द्र पालीवाल सहित निगम के अधिकारी मौजूद रहे।

अधिकारी ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर ही करें निराकरणः अतिरिक्त जिला कलेक्टर

● पदमावत मीडिया

सलूंबर । जिले में पंचायत समिति झल्लारा की ग्राम पंचायत देवगांव में मंगलवार को रात्री चौपाल का आयोजन अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजलक्ष्मी गहलोत की अध्यक्षता में किया गया। रात्री चौपाल में अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजलक्ष्मी गहलोत ने कहा कि सभी विभागीय अधिकारी ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण कर लाभान्वित करवाने का कार्य करें। ग्रामीणों की जन सुनवाई के दौरान लोगों को सरकारी योजनाओं में लाभान्वित करवाने के लिए ग्रामीण क्षेत्र में कार्यरत अधिकारी व कर्मचारी आगे आ कर कार्य करें। इस अवसर पर एसडीम शान्ति लाल जैन, बीडीओ दिनेश चंद्र पाटीदार सहित अन्य विभागीय अधिकारियों ने विभाग द्वारा संचालित गतिविधियों एवं अर्जित उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी। रात्री चौपाल में ग्रामीणों से प्राप्त शिकायतों का निराकरण कर ग्रामीणों को लाभान्वित किया गया। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने उपस्थित ग्रामीणों से कहा कि आमजन को लाभान्वित करवाने के लिए राज्य सरकार द्वारा अनेक जन कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है । सभी ग्रामीण सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी रखें तथा पात्रता के अनुसार समय पर उनका लाभ उठाने के लिए आवेदन कर लाभ अर्जित करें। उन्होंने विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि ग्राम पंचायत क्षेत्र में संचालित विकास कार्यों का समय पर आकस्मिक निरीक्षण कर गुणवत्ता का पूर्ण ध्यान रखेंने के निर्देश दिए।

इंदिरा इंटरप्राइजेज के बैनर तले बनी बहुप्रतीक्षित फिल्म

तुमको मेरी कसम 21 मार्च को होगी वर्ल्डवाइड रिलीज़

● पदमावत मीडिया

उदयपुर । इंदिरा एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी बहुप्रतीक्षित फिल्म तुमको मेरी कसम 21 मार्च को विश्वभर में रिलीज़ होने जा रही है। यह फिल्म आई वी एफ मैन के नाम से जाने, जाने वाले डॉ अजय मुरडिया के जीवन से प्रेरित एक भावनात्मक ड्रामा है, जिसमें उनके संघर्ष, सफलता और प्रेरणादायक सफर को खूबसूरती से दर्शाया गया है। फिल्म का निर्देशन बॉलीवुड के जाने-माने फिल्ममेकर विक्रम भट्ट ने किया है, जो अपनी अनूठी कहानी कहने की शैली के लिए प्रसिद्ध हैं। इस फिल्म में दमदार अभिनय से सजी एक प्रभावशाली स्टारकास्ट नजर आएगी, जिसमें अनुपम खेर, ईशवाक सिंह, अदा शर्मा, ईशा देओल और सुशांत सिंह व वीर मुर्दिया प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

उदयपुर में होगा भव्य प्रीमियर

इंदिरा एंटरटेनमेंट की यह पहली फिल्म होने के कारण इसका विशेष प्रीमियर 16 मार्च को उदयपुर के सेलिब्रेशन मॉल स्थित पीवीआर सिनेमा में आयोजित किया जाएगा। इस मौके पर फिल्म के सभी प्रमुख कलाकार और निर्माता-निर्देशक मौजूद रहेंगे, जो उदयपुरवासियों के लिए एक गर्व का अवसर होगा।

उदयपुर बना सिनेमा के नए दौर का केंद्र

इंदिरा एंटरटेनमेंट के इस भव्य प्रोजेक्ट के साथ उदयपुर भारतीय फिल्म उद्योग में एक महत्वपूर्ण स्थान बना रहा है। यह शहर अब सिर्फ पर्यटन और सांस्कृतिक धरोहर के लिए ही नहीं, बल्कि बड़े फिल्म निर्माण के केंद्र के रूप में भी उभर रहा है। इंदिरा इंटरप्राइजेज के आगामी प्रोजेक्ट्स में विक्रम भट्ट, महेश भट्ट, इंदर कुमार जैसे बॉलीवुड के दिग्गज निर्देशक शामिल हैं, जो एक साथ कई शानदार फिल्मों का निर्माण कर रहे हैं। फिल्म तुमको मेरी कसम 21 मार्च को वर्ल्डवाइड रिलीज़ हो रही है। यह न सिर्फ एक मनोरंजक फिल्म होगी, बल्कि एक प्रेरणादायक यात्रा भी होगी, जो दर्शकों के दिलों को छू जाएगी।

हर्ष और उल्लास के साथ समाज को जीवंत और स्पंदित करती है होली

● पदमावत मीडिया

उदयपुर । भारतीय संस्कृति में होली के पर्व का अद्वितीय स्थान है द्य यह उमंग, उल्लास, उत्साह और मस्ती का पर्व है द्य होली का पर्व सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने वाला पर्व है द्य होली के पर्व को धुरंडी, धुलेंडी, धुरखेल या धूलिवंदन भी कहा जाता है द्य इस दिन लोग एक दूसरे के साथ प्रेम के रस में सराबोर हो जाते हैं द्य होली का पर्व वस्तुतः जल, वायु और वनस्पति से सजी संवरी नैसर्गिक प्रकृति के स्वभाव में उल्लास का आयोजन है। यहबात समुत्कर्ष समिति के समाज जागरण के ऑनलाइन प्रकल्प समुत्कर्ष विचार गोष्ठी में अपने विचार रखते हुए वक्ताओं ने कही द्य समुत्कर्ष समिति द्वारा सांस्कृतिक परिप्रेक्ष्य में सनातन के गौरव के प्रति अभिमान जागृति हेतु फाल्गुन पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर समरसता और उल्लास का पर्व होली विषयक 132 वीं समुत्कर्ष विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया विचारगोष्ठी में सर्वप्रथम मंगलाचरण एवं विषय का प्रवर्तन करते हुए शिक्षाविद पीयूष दशोरा ने कहा कि हिरण्यकश्यप एवं होलिका प्रतीक है असुरता, अहंकार, अवगुण, आतंक के, जिन्हें ईश्वरीय वरदान भी बचा नहीं सकते। होली मानव काया में बैठे इस प्रहलाद को जगाने का पर्व है। यह अंतःकरण में ईश्वर के प्रति विश्वास को दृढ़ता प्रदान करता है। फाल्गुन मास की पूर्णिमा को मनाए जाने वाले पर्व होली में वसंतोत्सव की अलग ही रंगत देखने को मिलती है। नर-नारी होली के रंगों में एक-दूसरे को रंगकर एक अद्भुत आनंद का अनुभव करते हैं। आनंद के इस उत्सव को प्राचीनकाल में रति-काम महोत्सव कहा जाता था। सत्यप्रिय, विद्यासागर, तरुण कुमार दाधीच, श्यामसुन्दर चौबीसा ने भी इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त किए। सुनील चाष्टा ने अपने अनुभव कथन को काव्य के रूप में प्रस्तुत किया द्य समुत्कर्ष पत्रिका के उप संपादक गोविन्द शर्मा द्वारा आभार प्रकटीकरण किया गया द्य समुत्कर्ष विचार गोष्ठी का संचालन शिवशंकर खण्डेलवाल ने किया । इस ऑनलाइन विचार गोष्ठी में बन्शीलाल, आशा जैन, डॉ. किशन माली, नर्बदा देवी शर्मा, तरुण शर्मा, सुन्दर लोलावत, गोपाल लाल माली, निर्मला मेनारिया, डॉ. अनिल कुमार दशोरा, धरा तथा रामेश्वर प्रसाद शर्मा भी सम्मिलित हुए।

झालावाड़ जिले में थाना भवानी मंडी पुलिस की कार्रवाई

पत्रकार के साथ मारपीट की घटना में दो माह से फरार तीन आरोपी गिरफ्तार

पुलिस ने 100-150 सीसीटीवी फुटेज व आसूचना संकलन कर अज्ञात आरोपियों की पहचान की

● पदमावत मीडिया

जयपुर । झालावाड़ जिले की भवानी मंडी पुलिस ने करीब 2 महीने पहले रात के समय मीडियाकर्मी के साथ मारपीट करने के मामले में 100 से 150 सीसीटीवी फुटेज खंगाल अज्ञात आरोपियों की पहचान कर तीन आरोपियों शंकर सिंह पुत्र सरदार सिंह (37) व दशरथ सिंह पुत्र गब सिंह (25) निवासी नरला थाना बडोद जिला आगर एमपी एवं भेरू सिंह पुत्र नारायण सिंह (26) निवासी टीपूखेड़ा थाना झारडा जिला उज्जैन मध्य प्रदेश को गिरफ्तार किया है।

एसपी ऋचा तोमर ने बताया कि घटना के संबंध में 16 जनवरी को मीडिया कर्मी कपिल चौहान (30) ने रिपोर्ट देते हुए बताया कि रात करीब 11ः30 बजे ऑफिस से घर पहुंचा ही था कि एक बिना नंबरी बाइक पर आए तीन अज्ञात व्यक्तियों ने बाइक से टक्कर मार कर प्लास्टिक व लकड़ी के डंडों से उसके साथ मारपीट की। जिससे उसकी नाक और अन्य जगहों पर चोटें आई है। सारी घटना आसपास लगे सीसीटीवी में कैद है। रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों की पहचान एवं गिरफ्तारी के लिए एसपी तोमर द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चिरंजीलाल मीणा व का प्रेम कुमार के सुपरविजन एवं एसएचओ रमेश चंद मीणा के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। गठित टीम द्वारा आसूचना संकलन एवं सीसीटीवी फुटेज खंगाल अज्ञात बदमाशों की पहचान कर आरोपी शंकर सिंह, भैरू सिंह व दशरथ सिंह को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों की गिरफ्तारी में एसएचओ रमेश चंद्र, हेड कांस्टेबल अखेराम, कांस्टेबल मुकेश मीणा व महेश कुमार शामिल थे।

डीजीपी उत्कल रंजन साहू ने रंग पर्व पर प्रदेशवासियों को दी बधाई

● पदमावत मीडिया

जयपुर । राजस्थान पुलिस के पुलिस महानिदेशक उत्कल रंजन साहू ने रंगों के पर्व होली और धुलंडी पर पुलिस के जवानों, समस्त अधिकारियों व सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। साहू ने अपने संदेश में कहा कि होली का यह त्योहार हम सभी को सद्भावना, सौहार्द, आपसी प्रेम, और भाईचारे का संदेश देता है। आप और हम सभी मिलकर परम्परागत उल्लास के साथ इस त्योहार को मना सके इसके लिए प्रदेश के पुलिसकर्मी सदैव अपना फर्ज कटिबद्धता से निभाते हैं। पूरे राजस्थान में होली के अवसर पर सभी जिलों और थानों में पुलिस अधिकारी और पुलिस जवान अपनी ड्यूटी के प्रति जागरुक व सतर्क रहते हुए नागरिक सुरक्षा और कानून व्यवस्था को लेकर अतिरिक्त सजगता बरतते हैं। उन्होंने कहा कि होली के अवसर पर पूरे प्रदेश में सामुदायिक सद्भाव, शांति, आपसी प्रेम और मेल-जोल की परम्परा और सुदृढ़ बनी रहे इसके लिए हम सभी मिलकर होली और धुलंडी के पर्व की खुशियों को आनंद, हर्ष और उल्लास के साथ मनाएं। उन्होंने सभी प्रदेशवासियों को होली और धुलंडी की हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं।

वागड़ अंचल का मनमोहना गैर नृत्य

यहां होली की मस्ती में माह भर नाचते हैं ग्रामीणः भावना शर्मा

● पदमावत मीडिया

पतझड़ के विषाद के बाद प्रकृति में बासंती उल्लास के साथ ही मानव मन को सुकून देने के लिए होली जैसा रंगों का मनमौजी त्यौहार आता है । सामाजिक रीतिरिवाजों के साथ आनन्दाभिव्यक्ति के लोकोत्सव होली पर यो तो सर्वत्रा मूल भावना एक ही होती हैं तथापि राजस्थान के दक्षिणी भाग में अरावली के अन्तिम छोर पर माही नदी के तट पर अवस्थित वागड़ में होली पर्व पर आयोजित होने वाली विविध विमोहिनी मनोरंजक परम्पराओं के कारण इस पर्व को कुछ भिन्नता ही प्राप्त हुई है, जिसके कारण वागड़वाशिन्दे वर्ष भर इसके आगमन की बेसब्री से प्रतीक्षा करते प्रतीत होते हैं। होली पर वागड़ के देहातों की इन परम्पराओं का दिग्दर्शन उतना ही रोचक है जितनी यहां की सांस्कृतिक विरासत और विलक्षणताएं । राज्य के अन्य भागों की प्रतिनिधि होली परम्पराओं यथा सांगोद के न्हाण, शेखावटी के गींदड़ व जैसलमेर की रम्मतों की तरह ही गैर नृत्य वागड़ की होली की प्रतिनिधि परम्परा है जिसको राज्यव्यापी ख्याति प्राप्त है। इस नृत्य का खासा महत्व इसलिये भी है क्योंकि इसी नृत्य में वागड़वासी माह भर तक होली पर्व की मौजमस्ती में नाचते रहते हैं। राज्य के अधिकांश भागों में जहां इस फागुनी पर्व का स्वागत चंग के साथ किया जाता है वहीं वागड़ में इस पर्व का स्वागत गैर नृत्य द्वारा ढोल व कुण्डी (एक वाद्ययंत्रा) की थाप के साथ किया जाता है। माघ पूर्णिमा को होलिका दण्ड रोपण से ही वागड़ के गांवों व पालों में ढोल व कुण्डी की थाप पर गैर नृत्य प्रारम्भ हो जाते है जो सायंकाल से लेकर देर रात्रि तक चलते रहते है। इस दौरान गैर नृत्यरत वागड़वाशिन्दों के आल्हादित चेहरों पर फागुनी मस्ती देखने लायक होती है। वागड़ में गैर नृत्य की परम्परा सैकड़ों वर्षों से चली आ रही आकर्षक परम्परा है जो होली पश्चात् चैत्रा कृष्णा दशमी तक सोत्साह आयोजित होती है। यद्यपि इसे हर जाति वर्ग के लोगों द्वारा खेला जाता है तथापि वागड़ के पटेल व भील जाति के लोगों द्वारा खेली जाने वाली गैर राज्य भर में ख्यातनाम है। वागड़ के ठाकरड़ा, देवलपाल, गामड़ा, घाटोल आदि गांवों की गैर के अलावा बॉसवाड़ा शहर में जॅवाई दूज की सामूहिक गैर व सुरवानिया कस्बे की रंगपंचमी का गैर व फागण नृत्य विशेष रूप से प्रसिद्ध है। बॉसवाड़ा जिला मुख्यालय पर आयोजित होने वाले सामूहिक गैर नृत्य में सारा बॉसवाड़ा जिला उमड़ पड़ता है और इस सामूहिक आयोजन में उमड़ने वाली जनमेदिनी को देख कर होली की इस प्रतिनिधि परम्परा की महत्ता का आंकलन स्वतः ही किया जा सकता है। वागड़ की गैर के बारे में तो कहा जाता है कि इस गैर में तो स्वयं देवी-देवता भी छद्म रूप में वागड़वाशिन्दों के साथ नृत्य करते है। वागड़ के पावागढ़ उपनाम से प्रसिद्ध देवी तीर्थ की नन्दनी माता देवी के बारे में कहा जाता हैं कि पहले ये देवी स्वयं नारी देह धारण कर पहाड़ी के आसपास के गांवों में होली पर गैर नृत्य खेलने के लिए आती थी परन्तु कुम्हार जाति के एक युवक द्वारा देवी के भेद को जान लेने के बाद देवी के दर्शन प्राप्त नहीं हो रहे है। वागड़ के इस पारम्परिक गैर नृत्य में परम्परागत वेशभूषा धारण किये वनवासी युवक बच्चे व वृद्ध तलवार, धारिया, फरसा, धनुष बाण, लाठिया, गोफन व ढाल लेकर हेऽऽ..... ओऽऽऽऽ..... .होली है ऽऽऽऽ...। के जोशिले उद्घोष के साथ नाचते है व सधे हाथों से इन पारंपरिक अस्त्र को अपने नृत्य में शरीर के चारों ओर घुमाने का इस प्रकार से प्रदर्शन करते है कि तेज गति के साथ घूमने के बावजूद भी ये धारदार अस्त्रों से उनके शरीरों पर खरोंच तक नहीं आती है । उनके इस प्रदर्शन से दर्शक बेहद रोमांचित होते है और चिल्लाते हुए तालियां, ढोल आदि बजाकर उनका उत्साहवर्धन करते है ।

इस दौरान नृत्यरत दल कुछ इस तरह गाता है–

'खाकरी खेत ना कोदरा ने
बाकड़ी भेह नु दूद (दूध)
खाई ने डोहू टणकु थाज्यु टणकु थाज्यु.....।'
हेऽऽ.....ओऽऽऽ.....हा ऽऽऽऽ...।।।

गैर दल के ठीक मध्य में होता है वादक दल जो अपने वाद्ययंत्रों पर पूर्ण जोश से वादन करता है और इस दौरान नृत्यरत दल अपने डांडियों की खनक व हेऽऽ.....ओऽऽऽ.....हा ऽऽऽऽ...की ध्वनि को और अधिक रस मय बनाते है। एक साथ 100 से 200 डांडियों के आमने सामने टकराने से उत्पन्न ध्वनि नर्तकों में यहां और अधिक जोश का संचार करती हैं वहीं दर्शकों को भी इस नृत्य से एक अनोखे आनन्द की प्राप्ति होती है और वे भी हेऽऽ.....ओऽऽऽ.....हा ऽऽऽऽ... की ध्वनि के साथ नृत्यरत दल का साथ देते हैं। गैर नृत्य यो तो विशिष्ट दलों द्वारा गांव के मध्य चौराहे पर खेला जाता है तथापि कुछ जगह गैर दल उन परिवारों के वहां भी गैर खेलने जाते है। जहां पर नवजात शिशु के जन्म पर ढूंढ उत्सव मनाया जाता है। इसके अतिरिक्त गैर नृत्य के बारे में जन मान्यता है कि जिस दम्पत्ति को लम्बे समय से संतान सुख प्राप्त नहीं होता है उसके आंगन में गैर दल द्वारा नृत्य करने से संतान सुख की प्राप्ति होती है। इस मायने कुछ गांवों में व्यक्तिगत रूप से भी गैर नृत्य दल को अपने घर पर आमंत्रित कर नृत्य करवाने की भी परंपरा है। निश्चित ही पल-पल बदलाव के इस युग में भी वागड़ के गॉवों में गैर नृत्य की परम्परा के मूल रूप में ही प्रचलन को वागड़वाशिन्दों की अपनी संस्कृति के प्रति लगाव के रूप में देखा जा सकता हैं जो अनुकरणीय है।

भावना शर्मा
प्राध्यापिका, हिन्दी
राउमावि भूपालपुरा,उदयपुर

स्वत्वाधिकारी, संस्थापक, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादकः पवन माँगीलाल जैन उर्फ पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय - गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत - 400067 से अमुद्रित ऑनलाइन प्रकाशित । मो. नं.ः + 91-95945-42679
e-mail:- padmavatmedia@gmail.com /Web:- padmavatmedia.in (नोटः पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी) । सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई, महाराष्ट्र होगा । उक्त ई-पेपर को अवैध रुप से छपवाना कानूनी अपराध हैं।